यूपी देश का इकलौता राज्य, जहां सभी जिलों से हो रहा निर्यात

लखनऊ। यूपी देश का इकलौता राज्य है, सभी जिलों से निर्यात होता है। लेदर, मेंथा, हस्तशिल्प और दरी निर्यात में सिक्का जमाने के बाद प्रदेश रेडीमेड गारमेंट के निर्यात में भी तेजी से बढ़ रहा है। बृहस्पतिवार को निर्यात प्रोत्साहन पुरस्कार समारोह में विदेश व्यापार महानिदेशालय के संयुक्त महानिदेशक अमित कुमार ने दी।

अमित कुमार ने बताया कि 219 देशों में यूपी के उत्पाद जा रहे हैं। अमेरिका, जर्मनी, यूके प्रमुख आयातक देश हैं। 10 बड़े देशों में यूपी के 60 फीसदी उत्पादों का निर्यात होता है। प्रदेश के सभी जिलों से निर्यात किया जा रहा है। इसकी सबसे बड़ी वजह एक जिला एक उत्पाद है। कहा कि मुक्त व्यापार समझौते के तहत आने वाले देशों में निर्यात की अपार संभावनाएं हैं। इस मौके पर निर्यातकों ने तमाम सुझाव देते हुए कहा कि यूपी के उत्पाद 219 देशों में जा रहे हैं, लेकिन कम ही लोगों को पता है कि जिस कालीन, जूते, लेदर एसेसीरीज व हस्तशिल्प का इस्तेमाल वे कर रहे हैं, उसे यूपी के हुनरमंदों ने बनाया है। इसके लिए ब्रांड यूपी को स्थापित करना जरूरी है। कालीन का उदाहरण देते हुए कहा कि ये 18 अरब डालर का बाजार है। कहीं सिंथेटिक यार्न तो कहीं काटन कारपेट की मांग है। ब्यूरो